# वाल्मीकि समाज ने निकाली भव्य छड़ी निशान शोभायात्रा, विधायक हनी बघेल ने किया स्वागत

**कुक्षी।** वाल्मीकि समाज एवं श्री जाहवीर गोगा देव मंदिर समिति, कुक्षी द्वार निकाली गई दिव्य एवं भव्य छड़ी निशान शोभायात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा में बड़वानी, बाकानेर, राजपुर, मनावर, राजगढ़ सहित लगभग पंद्रह शहरों से आमंत्रित छड़ी निशान ,अतिथियों एवं समाज के संत एवं गुरुओं का क्षेत्रीय विधायक सुरेन्द्र सिंह (हनी) बघेल द्वारा अंगवस्त्र पहना कर एवं फूल माला से स्वागत किया और शोभायात्रा में सम्मिलित समस्त श्रद्धालुओं को बधाई दे कर आराध्य देव जाहवीर गोगा देव से क्षेत्र में अच्छी वर्षा एवं क्षेत्रवासियों के लिए मंगलकामनाएं की। वही दाताहरी चौक में गुप्ता पोरवाड़ समाज के वरिष्ठ सदस्य रमेशचंद गुप्ता, प्रमोद गुप्ता , विकास गुप्ता , मिंटू गुप्ता , राजेंद्र गुप्ता



शैलेंद्र गुप्ता,रितेश गुप्ता आदि के साथ प्रेस क्लब अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि वीरेंद्र गुप्ता द्वारा श्रीफल ओर पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया । इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष सहदेव पाटीदार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बबलू निंगवाल, युवक कांग्रेस अध्यक्ष रवि कोदर, विधायक प्रतिनिधि सुदामा पाटीदार, राजेंद्र सिंह राठौर, राधेश्याम जिराती, पार्षद अजय डुड़वे, हरीश सेन, कनकमल सोनी, फिरोज मंसूरी, सरफराज गब्बर, आशीष परसाई, देवेंद्र जैन, संजू पांडेय, रवि दादा, अमृत पेंटर, बापू सरपंच, पारुल सोनी, वीरेंद्र भय्यु अवास्या, कुणाल पाटीदार, अखिलेश जिराती, विनय सिसोदिया, अखिलेश बामनिया , जावेद मंसूरी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## धार के वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानेंद्र त्रिपाठी की माता का निधन

**धार।** मध्यप्रदेश शासन के राज्यस्तरीय स्वतंत्र पत्रकार अधिमान्य पत्रकार, धार प्रेस क्लब अध्यक्ष, जिला रोगी कल्याण समिति सदस्य,भाजपा के पूर्व संभागीय सह मीडिया



प्रभारी ज्ञानेंद्र त्रिपाठी की माताजी व स्वर्गीय सत्य प्रकाश त्रिपाठी की धर्मपत्नी किशोरी देवी का कल स्वर्गवास हो गया। श्रीमती त्रिपाठी कुछ दिनों से अस्वस्थ थी उनकी अंतिम यात्रा निज निवास हरजी फलिया रासमंडल से निकली जिसमे शहर और आसपास के लोग बडी संख्या में शामिल हुए। किशोरी देवी त्रिपाठी के निधन पर प्रेस क्लब जिला प्रेस क्लब सहित जिले भर के पत्रकारों सामाजिक राजनीतिक संगठनों व गणमान्य नागरिकों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक बैठक शनिवार 29 अगस्त को श्री अग्रसेन धर्मशाला धान मंडी में 4 से 5 रखी गई है।

# गजेन्द्र सिंह पटेल के बड़वानी प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत

**कुक्षी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री बनने के बाद सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल के बड़वानी में प्रथम आगमन पर कुक्षी, मनावर एवं गंधवानी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साह और उमंग के साथ पहुंचकर उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़वानी पहुंचे और गजेन्द्र सिंह पटेल को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही अजजा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री विरेंद्र सिंह बघेल, धार जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेड़ा, पूर्व विधायक मुकाम सिंह किराड़े, पूर्व मंडी अध्यक्ष मोहन पाटीदार, जिला पंचायत सदस्य गणेश जर्मन, लोकेश सरदार, संजय मारुति, नवीन कवटी, भाजपा वरिष्ठ नेता देवराम पाटीदार, दुर्गेश पाटीदार, मंडल अध्यक्ष मुकेश पाटीदार,



सुरेश सिसोदिया, भागीरथ राठौड़, राजू बघेल सहित अन्य पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे कार्यक्रम में धार ग्रामीण भाजपा जिला महामंत्री महेंद्र मेहरती, जिला उपाध्यक्ष मोहन पटेल एवं जयपाल टैगोर, जिला मंत्री नीलेश राठौड़ तथा अजजा मोर्चा जिला महामंत्री महेंद्र सिंह कन्नौज जिला मंत्री डॉक्टर अनिल सिसोदिया सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र पाण्डेय, रमेश पिराग, श्रीराम पाटीदार एवं अभय कनेल, विनोद, सतीश, विमल पाटीदार, आकांक्षा बघेल ओर सरपंच, जनपद सदस्य सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर देवेन्द्र पाटीदार धुलसर मित्र मंडल की ओर से गजेन्द्र सिंह पटेल को कष्टभंजन देव का चित्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन नीलेश पाटीदार, गणपुर ने किया। कार्यक्रम के अंत में राहुल कामदार ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि गजेन्द्र सिंह पटेल को राष्ट्रीय महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण दायित्व की जिम्मेदारी मिलना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उनके प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह रहा और सभी ने संगठन को और अधिक मजबूत करने का संकल्प व्यक्त किया।

## भूमिपूजन के साथ खंडवा के विघ्नहर्ता के आगमन का शंखनाद



**खंडवा।** सर्व सिंधी समाज गणेश उत्सव समिति द्वारा इस वर्ष भी सिंधी कॉलोनी मोघट रोड स्थित बगीचा ग्राउंड में सिद्धि विनायक विघ्नहर्ता खंडवा के विघ्नहर्ता की आकर्षण मूर्ति की भव्य स्थापना की जाएगी।प्रथम कड़ी के रूप में गुरुवार सुबह पंडित गोपाल भारद्वाज और पंडित प्रथम भारद्वाज ने समाज के गणमान्य जन और समिति सदस्यों के सानिध्य में विधिवत पूजा अर्चना कर श्री गणेश किया। सिंधी समाज के प्रवक्ता कमल नागपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष भी सर्व सिंधी समाज गणेश उत्सव समिति द्वारा शहर में सर्वश्रेष्ठ गणेश मूर्ति की स्थापना किए जाने का संकल्प लिया गया है। बैठक में सभी उपस्थित सदस्यों ने विचार मंथन किया साथ ही साथ इस निर्णय पर पहुंचे कि इस वर्ष भी भगवान श्री गणेश जी की मूर्ति की स्थापना के साथ-साथ विशेष सजा खेल बच्चों के लिए आकर्षक खेल सामग्री सेल्फी प्वाइंट की व्यवस्था आदि पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। गुरुवार सुबह हुई पूजा अर्चना में सिंधी समाज की ओर से पंडित गोपाल भारद्वाज,पंडित प्रथम भारद्वाज,अनिल आरतानी, श्याम हेमवानी,संजय सभनानी, सागर आरतानी,नरेश लालवानी, कमलेश पमनानी, पार्षद प्रतिनिधि सोनू लालवानी,पार्षद पवन गोस्वामी,राम वासवानी,मनोज गेलानी,कुंदनदास चेतवानी,प्रवक्ता कमल नागपाल सहित सर्व सिंधी समाज गणेश उत्सव समिति के मोनू डेंबरा,पवन वासवानी,हनी मेघवानी,विशाल लालवानी,निक शाहनी,जैकी मंगवानी,मनीष लालवानी,अभिषेक मंगवानी,गोलू चंदानी,साहिल आहूजा,अमन मलानी,सौम्य चंचलानी और यश दुल्हनी सहित अनेक कार्यकर्ता और सदस्य उपस्थित रहे।

# भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व रक्षाबंधन आज, बाजारों में सजी राखियों की दुकानें

**शुभ मुहूर्त में भाई की कलाई पर सजेगी रक्षा की डोर, महंगी शक्कर से मिठाइयों की मिठास पर असर नहीं**

**खंडवा।** भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और स्नेह का पर्व रक्षाबंधन शुक्रवार को उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा। पर्व को लेकर शहर के बाजारों में तीन दिनों से चहर पहल बनी रही गुरुवार को दिनभर बाजारों में काफी भीड़ देखी गई राखी से लेकर मिठाइयों की दुकानों पर भी काफी भीड़ देखी गई। रंग-बिरंगी राखियों से सजी दुकानों पर बहनों ने जमकर खरीदारी की।

**बाम्बे बाजार से घंटाघर तक सजीं राखियों की दुकानें-** शहर के प्रमुख बाजार बाम्बे बाजार, बुधवारा, घंटाघर और नगर निगम क्षेत्र में राखियों की दुकानें सजी हुई हैं। दुकानों पर अलग-अलग डिजाइन और नई वैरायटी की राखियां उपलब्ध हैं। बच्चों के लिए कार्टून और आकर्षक डिजाइन वाली राखियों के साथ रेशमी, मोती और पारंपरिक राखियों की भी मांग है। बहनें राखी के साथ मिठाई और पूजा सामग्री की खरीदारी कर रही हैं, वहीं भाई बहनों के लिए कपड़े, आभूषण, सौंदर्य सामग्री सहित अन्य उपहार



खरीद रहे हैं। सस्ती से लेकर महंगी राखियां भी बाजार में उपलब्ध है जिन्हें बहने खरीद रही है। रक्षाबंधन का पर्व श्रावण शुक्ल पूर्णिमा को मनाया जाता है। सदियों से चली आ रही परंपरा के अनुसार बहनें भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनसे रक्षा का वचन लेती हैं।

**सुबह 5.57 से 9.48 बजे तक शुभ मुहूर्त-** ज्योतिषाचार्यों के अनुसार 28 अगस्त को रक्षाबंधन पर राखी बांधने का उत्तम मुहूर्त सुबह 5.57 बजे से 9.48 बजे तक रहेगा। वहीं शुक्रवार को राहुकाल सुबह 10.54 बजे से दोपहर 12.28 बजे तक रहेगा। इस अवधि में राखी बांधने से बचने की सलाह दी गई है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस बार पंचक भी रहेगा, लेकिन इसे रक्षाबंधन के लिए बाधक नहीं माना गया है। भारत में 28 अगस्त का चंद्र ग्रहण दिखाई नहीं देने के कारण इसका सूतक भी मान्य नहीं होगा।

**शक्कर महंगी जरूर, लेकिन मिठाइयों पर इसका असर नहीं मिठाइयों की दुकान पर भारी भीड़, -** रक्षाबंधन के बीच शक्कर के भाव जरूर पड़े हैं लेकिन गुरुवार के दिन मिठाइयों की दुकान पर भारी भीड़ रही और बहने अपने भाइयों के लिए मिठाई खरीदती नजर आई। बाजार में शक्कर के भाव बढ़ने से मिठाई की लागत भी बढ़ गई है। मिठाई कारोबारियों के अनुसार शक्कर के साथ अन्य कच्चे माल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण कई मिठाइयों के दाम बढ़े हैं पर ग्राहकी में कोई अंतर नहीं।

**दूर रहने वाले भाइयों तक डाक से पहुंच रही राखी-** समाज सेवी सुनील जैन ने बताया कि शहर से बाहर रहने वाले भाइयों के लिए बहनों ने डाक और कुरियर के माध्यम से राखियां भेजना शुरू कर दिया है। कई बहनें राखी के साथ मिठाई और शुभकामना संदेश भी भेज रही हैं।

**जवानों को भी राखियां भेज रहीं बहनें-** रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के रिश्ते तक सीमित नहीं है। देश की सीमाओं पर तैनात जवानों को भी कई बहनें राखियां भेजकर उनकी सुरक्षा और देश की रक्षा के लिए शुभकामनाएं देती हैं। समाज के जागरूक लोग भी विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश देते हैं।

# खंडवा में अलौकिक रक्षाबंधन, परमात्मा के पवित्र संदेश के साथ बांधा रक्षा सूत्र

**खंडवा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, भाग्योदय भवन, आनंद नगर, खंडवा में अलौकिक रक्षाबंधन कार्यक्रम आध्यात्मिक उल्लास एवं पवित्र वातावरण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी शक्ति दीदी ने रक्षाबंधन के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम का पर्व नहीं, बल्कि परमात्मा से जुड़कर स्वयं को बुराइयों से मुक्त करने, पवित्रता अपनाने तथा श्रेष्ठ जीवन जीने का संकल्प लेने का पर्व है। उन्होंने कहा कि सच्चा रक्षा सूत्र आत्मा को विकारों से बचाकर



परमात्मा से जोड़ने का संदेश देता है। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा सेवा से जुड़े सभी भाई-बहनों को पवित्र रक्षा सूत्र बांधा गया तथा उन्हें परमात्मा का संदेश दिया गया। साथ ही प्रशासनिक एवं न्यायिक क्षेत्र में भी ब्रह्माकुमारी बहनों ने पहुंचकर पवित्र रक्षा सूत्र बांधा। कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता जी को रक्षा सूत्र बांधकर परमात्मा का संदेश दिया गया। वहीं डिस्ट्रिक्ट जज श्री संजीव श्रीवास्तव जी को भी रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन के आध्यात्मिक महत्व से अवगत कराया गया। शहर के अन्य गणमान्य नागरिकों को भी रक्षा सूत्र बांधते हुए ब्रह्माकुमारी बहनों ने सभी को जीवन में पवित्रता, सकारात्मकता एवं श्रेष्ठ संस्कारों को अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम की इसी श्रृंखला में शाम को मीडिया प्रतिनिधियों के लिए भी विशेष रूप से रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्रह्माकुमारी बहनों ने पत्रकार एवं मीडिया प्रतिनिधियों को पवित्र रक्षा सूत्र बांधा तथा उन्हें रक्षाबंधन के आध्यात्मिक रहस्य और परमात्मा के संदेश से अवगत कराया। मीडिया प्रतिनिधियों ने भी इस आध्यात्मिक पहल की सराहना की। पूरे कार्यक्रम के दौरान भाई-बहनों एवं गणमान्य नागरिकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। ब्रह्माकुमारीज द्वारा रक्षाबंधन के माध्यम से समाज में पवित्रता, सद्भाव, आत्मिक सुरक्षा एवं श्रेष्ठ जीवन का संदेश प्रसारित किया गया।

## कुक्षी में जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर लंगर का आयोजन



**कुक्षी।** जश्ने ईद मिलादुन्नबी के पावन और मुबारक मौके पर कुक्षी में सदक़-ए-चार यार ग्रुप की जानिब से मुस्लिम समाज के आमजनों के लिए भव्य लंगर खाने का आयोजन किया गया। खिदमत, भाईचारे और सामाजिक एकता की मिसाल बने इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत कर लंगर का लुत्फ उठाया। इस अवसर पर केवल कुक्षी शहर ही नहीं, बल्कि समीपस्थ ग्राम सिलकुआ एवं सुसारी से भी मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। आयोजन में समाज के वरिष्ठजनों के साथ-साथ विभिन्न जमाअतों, ग्रुपों, कमेटियों और फाउंडेशन से जुड़े सदस्यों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। खास बात यह रही कि सभी लोगों ने इस आयोजन को केवल किसी एक ग्रुप का कार्यक्रम न मानते हुए अपना सामूहिक कार्यक्रम समझा और अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन किया। सभी के सहयोग और सहभागिता से लंगर का कार्यक्रम बेहद सफल एवं यादगार रहा। सदक़-ए-चार यार ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि वे जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर पिछले 6 वर्षों से लगातार इस खिदमत को अंजाम दे रहे हैं। ग्रुप से जुड़े खिदमतगारों में हाजी जानू खान, हाजी अशरफ मंसूरी, हाजी हामिद रज़ा, साजिद मंसूरी, इमरान मंसूरी (राजा), इमरान मंसूरी (सुविधा), असरार मंसूरी एवं आरिफ शेख सहित अन्य सदस्य शामिल हैं। ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि आने वाले वर्षों में भी वे आवाम की खिदमत, सामाजिक सहयोग और जनसेवा के क्षेत्र में कई नई योजनाओं को अमलीजामा पहनाने की तैयारी कर रहे हैं। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर आयोजित यह लंगर कार्यक्रम कुक्षी में सामाजिक भाईचारे, एकता और खिदमत-ए-खल्क की एक शानदार मिसाल बनकर सामने आया।

## ओंकारेश्वर में मुख्यमंत्री यादव, भाजपा की प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे करोड़ों रुपए विकास कार्य



**खंडवा।** विकास की बात भाजपा के साथ ही हो सकती है। भाजपा की प्रदेश सरकार द्वारा तीर्थ नगरी ओमकारेश्वर में करोड़ों रुपए के विकास कार्य किये जा रहे हैं, श्रावण के इस पवित्र मास में महाकाल की नगरी उज्जैन के विधायक एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव सपत्नीक प्रदेश की सुख, समृद्धि, खुशहाली के लिए तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर पधारे और मां नर्मदा के दर्शन कर भोले बाबा की पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने साधु संतों की उपस्थिति में पंचायतन मंदिर का भूमि पूजन किया। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि उज्जैन के सिंहस्थ के चलते तीर्थ नगरी ओमकारेश्वर में करोड़ों रुपए के विकास कार्य किया जा रहे हैं जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन करने में कोई कठिनाई न हो। मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के तीर्थ नगरी ओमकारेश्वर आगमन पर मंत्री कुंवर विजय शाह, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक कंचन मुकेश तनवे, मांधाता विधायक नारायण पटेल, पंधाना विधायक छाया मोरै, महापौर अमृता अमर यादव, जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, प्रवक्ता सुनील जैन, राजेश तिवारी, धर्मेंद्र बजाज, भारत पटेल सहीत पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री श्री यादव का स्वागत अभिनंदन किया एवं ओमकारेश्वर में किए जा रहे हैं विकास कार्यों को लेकर आभार व्यक्त किया।

## शाजापुर में 4 फर्म से 8 सैंपल जब्त कर जांच के लिए भेजें

**शाजापुर, निप्र।** जिले में आगामी त्यौहारों के मद्देनजर उपभोक्ताओं को सुरक्षित, शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य प्रतिष्ठानों की सतत् निगरानी, निरीक्षण एवं नमूने जांच हेतु जब्त करने की कार्यवाही के निर्देश कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना द्वारा दिये गये है। जिला स्तरीय दल संभागीय मुख्यालय उज्जैन से प्राप्त चलित राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा कालापीपल की 4- फर्म कान्हा रेस्टारेंट से मावा तथा फैनी, सपना रेस्टोरेंट से जलेबी, श्री शिव बीकानेर मिष्ठान भंडार से मिठाई गुपचुप एवं मलाई, लोग सेव तथा खट्टा मीठा मिक्चर यादव रेस्टोरेंट्ठ से पिस्ता बर्फी के 8 सैंपल लिए तथा कान्हा रेस्टोरेंट से 54 किली मावा तथा फैनी जप्त किया जिसकी कीमत 7500 रुपए है तथा अस्वच्छ परिस्थितियों में रखी 5 किलो बेसन के लड्डू और 1 किलो जलेबी नष्ट करवाई तथा 2 दुकानदारों को नोटिस देकर 15 दिवस में साफ-सफाई की स्थाई व्यवस्था सुधार कर जवाब तलब किया गया है। आठों नमूने विस्तृत जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे जा रहे है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत रिपोर्ट की स्क्रूटिनी एवं विवेचना के बाद वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। खाद्य सुरक्षा प्रशासन की मिलावटी, अमानक एवं गलत नाम / दावे के साथ विक्रय किए वाले खाद्य पदार्थों के विरुद्ध शिकायत एवं सूचना पर निगरानी तथा सख्ती के साथ शुद्धता का अभियान निरंतर जारी रहेगा। कार्यवाही में अनुविभागीय अधिकारी शुजालपुर श्रीमती अंकिता पाटकर तथा अभिहित अधिकारी डॉ. कमला आर्य के मार्गदर्शन, नेतृत्व में राजस्व विभाग से तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक दीपक चौहान, जिला फ्लाइंग स्कॉड टीम से खाद्य सुरक्षा अधिकारी एमके वर्मा तथा केएल कुम्भकार का संयुक्त दल शामिल रहा।

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

**ई- निविदा सूचना**

• **ई-निविदा संख्या :** GEM/2026/B/7964431 • **कार्य का नाम एवं स्थान:** रतलाम मंडल के कोचिंग डिपो इंदौर में 105 KLD क्षमता वाले वाटर रीसाइक्लिंग प्लांट का संचालन एवं व्यापक रखरखाव, 03 वर्ष की अवधि के लिए। • **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹35,29,557/- • **बयाना राशि:** ₹70,590/- • **समापन अवधि:** LOA जारी होने की तिथि से 03 वर्ष। • **निविदा खोलने का कार्यालय:** वरिष्ठ कोचिंग डिपो अधिकारी, इंदौर का कार्यालय। • **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 24.09.2026 को 15:00 बजे तक। निविदा से संबंधित संपूर्ण जानकारी **GeM वेबसाइट (www.gem.gov.in)** पर देखी जा सकती है। इस संबंध में अन्य जानकारी वरिष्ठ कोचिंग डिपो अधिकारी, इंदौर कार्यालय (पश्चिम रेलवे) से सभी कार्य दिवसों में प्राप्त की जा सकती है।

CRY/226

Like us on: facebook.com/WesternRly